हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 हर व्यक्ति के लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी: डॉ. सूद



07 संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नही,बल्कि...



## खबर संक्षेप

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाइयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

### आंगनबाड़ी केंदों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए जिसमें रंगीन रोटी के साथ-साथ सब्जी भी प्रोटीन युक्त रहे। इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाली रोटी जिसमें मुनंगा सहित अन्य प्रोटीन का मिश्रण करके रोटी तैयार की जा रही है और सब्जी वितरित की जा रही है। इसी प्रकार दाल, सब्जी में भी मुनंगा एवं अन्य प्रोटीन डालकर तैयार कर परोसा जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. की यह पहल आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों के लिए अच्छी लग रही है और इस खाने को देखकर लगातार केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है।

भक्तों की विभिन्न समस्याओं का समाधान अपनी दिव्य दृष्टि से जानकर बतलाएंगे

# देवरी में आज से होगा पंडोखर सरकार का तीन दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विश्व विख्यात त्रिकालदर्शी गृहस्थ संत पण्डोखर सरकार धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार का तीन दिवसीय भव्य आयोजन देवरी में रविवार से 14 अक्टूबर मंगलवार तक आयोजित किया गया है। गुरुशरण महाराज के भक्त एवं त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार आयोजन समिति के संयोजक अलकेश जैन देवरी ने उक्त जानकारी देते हुए बतलाया कि सागर जिले के देवरी एन. एच. 44 फोरलाइन बायपास स्थित आर्यनश्री पैलेस में पण्डोखर सरकार के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार एवं सत्संग का आयोजन 12 से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। इस अवसर पर सुविख्यात त्रिकालदर्शी गृहस्थ संत श्री गुरुशरण जी महाराज श्रद्धालु भक्तों की विभिन्न दैहिक दैविक एवं भौतिक समस्याओं का समाधान अपनी दिव्य दृष्टि से जानकर बतलाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के दतिया जिला में स्थित पण्डोखर धाम के पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज दरबार में आने वाले विभिन्न समस्याओं से दुःखी पीड़ित भक्तों को



उनसे बिना पूछे ही पहले से लिखकर उनकी समस्या तथा अपने आध्यात्मिक मार्गदर्शन के माध्यम से समाधान बतलाते हैं।

अलकेश जैन ने बताया कि श्री गुरुशरण जी महाराज पण्डोखर सरकार धाम से सुबह देवरी के लिए रवाना होंगे तथा झांसी, ललितपुर मार्ग से दिन में 12 बजे सागर पहुंचेंगे जहां मार्ग में बहेरिया के नजदीक फोरलेन स्थित पाथवे रिट्रीट के आगे सागर के शिष्यों द्वारा उनका स्वागत होगा, तत्पश्चात मार्ग में ही पामाखेड़ी चौराहे पर स्थानीय भक्तों के द्वारा महाराजश्री का स्वागत किया जाएगा। दोपहर 1 बजे श्री सिद्ध धाम कटंगी पर देवरी के भक्तों के द्वारा श्री गुरुशरण जी महाराज का भव्य स्वागत किया जाएगा तथा यहां उन्हें हाथी , घोड़े, लेजम, अखाड़े बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण कराते हुए हजारों भक्तों के साथ दरबार स्थल आर्यनश्री पैलेस ले जाया जाएगा। पण्डोखर सरकार का त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न होगा।

पण्डोखर सरकार के शिष्य मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ रजनीश विश्वकर्मा, रूपेंद्र दुबे, नितिन सोनी, शैलेश अग्रवाल, अजय समैया, अमित भट्ट सहित आयोजन समिति के सदस्य अलकेश जैन, राजकुमार साहू (राजू), शरद सोनी, अश्वनी पांडे, अतुल जैन, आशीष दुबे, पंकज जैन, सुरेंद्र नामदेव, लखन साहू, अशोक यादव, संजय वर्मा, देशराज गुप्ता, जगत ठाकुर, विजय टुला एवं संजय अरेले आदि ने श्रद्धालु भक्तों से तीन दिवसीय पण्डोखर सरकार के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# कियोस्क सेंटर संचालक को गोली मारी, सीने में लगे छरें, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा




सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में स्थित बकोली चौराहे पर दिनदहाड़े कियोस्क सेंटर संचालक को नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। कियोस्क सेंटर संचालक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है।

जानकारी के अनुसार, श्रीराम विश्वकर्मा (35) गढ़ाकोटा के बकोली चौराहे पर कियोस्क सेंटर का संचालन करता है। शनिवार दोपहर वह कियोस्क सेंटर पर बैठा था। तभी अचानक दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश आए और उन्होंने फायर कर दिया। गोली के छरें श्रीराम के सीने पर लगे हैं। गोली चलने की आवाज सुन आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घायल श्रीराम ने कहा कि मुड़रिया और बहेरिया में हमारे परिवार का आपसी जमीनी विवाद चल रहा है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मामले में गढ़ाकोटा पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस टीमें वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनी कांत दुबे ने बताया कि जमीनी विवाद में फायर किया गया है। गोली चलाने वाले की पहचान मलखान गौंड के रूप में हुई है। जिसकी तलाश की जा रही है। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बाइक सवार बदमाश मौके से भाग निकले। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल श्रीराम को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर किया है। मामले में गढ़ाकोटा पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी की गई है।



### नपाध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में जाकर किया निरीक्षण

गढाकोटा। विवेकानंद वार्ड में वार्डवासियों के मध्य पहुंचकर वहाँ चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया साथ ही बाजार, टैगोर, जवाहर एवं कमलानेहरू वार्ड में वार्डवासियों की आवश्यक सुविधा व्यवस्थाओं हेतु निरीक्षण किया एवं संबंधित विभाग को यथायोग्य निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्डवासियों सहित पार्षद इन्द्रजीत चौहान,अजय नेमा उपस्थित रहे।

## नशा करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित दिए थे कि सार्वजनिक स्थानों पर जो भी नशा करता है उस पर सख्त कार्रवाई करें एवं पेनाल्टी लगाकर अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। इसी प्रकार स्कूल-कॉलेज परिसरों को भी नशा मुक्ति परिसर बनाएं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि स्कूल-कॉलेज को नशा मुक्त करने के लिए स्कूल कॉलेज में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाएं एवं नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थान, विद्यालय एवं कॉलेज परिसर के आसपास पान, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट सहित अन्य नशा की दुकानों को तत्काल हटाने की कार्रवाई करें।

कलेक्टर के निर्देशों के परिपेक्ष्य में राहतगढ़ एसडीएम अशोक सैन द्वारा राहतगढ़ स्थित पान-तम्बाकू एवं अन्य नशा की दुकानों पर कार्यवाही करते हुए पान की टपरों को हटाया गया एवं नशा सामग्री को जब्त किया गया।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का भव्य स्वागत करेंः भूपेंद्र सिंह

**सागर।** रविवार 12 अक्टूबर को खुरई विधान सभा क्षेत्र के खुरई, मालथौन और बांदरी में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित है। सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से पथ संचलन का जोरदार स्वागत करने की अपील की है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा है कि पथ संचलन का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में समाज की भागीदारी और एकता के संकल्प को सशक्त करने का प्रयास है। खुरई के किला मैदान और बांदरी के बस स्टैण्ड परिसर से 3:30 बजे तथा मालथौन के बस स्टैण्ड परिसर से दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का परम्परागत पथ संचलन प्रारंभ होगा।




### अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अधिवक्ता शंभू शंकर राय व कमलेश पटेल का सम्मान

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में विगत दिवस अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा, मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रभारी माधव मालवीय, विशिष्ट अतिथि व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में पदस्थ पीठासीन अधिकारी अंबर श्रीवास्तव एवं जमील कुरैशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के द्वारा अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा में नवीन कनिष्ठ अधिवक्ताओ का सम्मान किया गया था जिसमें अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अधिवक्ता शंभू शंकर राय एवं कमलेश पटेल का भी सम्मान नवीन धाराओ की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता भारतीय साक्ष्य संहिता की संयुक्त बृहद किताब एवं पेन/कलम देकर व फूलमाला पहनाकर किया गया था। उक्त कार्यक्रम में सम्मानित दोनो अधिवक्ताओ को अधिवक्ता संघ गढाकोटा के सदस्यो प्रियजन परिवारजन समाजसेवा से जुड़े नागरिकगण के अलावा अपर लोक अभियोजक पी.एल. रावत एवं लक्ष्मीकांत पाठक ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।

### केवीके सागर में प्रधानमंत्री धन धान्य योजना कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**सागर।** कृषि विज्ञान केंद्र सागर में जिला कलेक्टर संदीप जी.आर के मार्गदर्शन में तथा प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के एस यादव एवं उपसंचालक राजेश त्रिपाठी के मार्गदशन में सम्पादित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दो महत्वपूर्ण योजनओं पी एम धन धान्य योजना एवं दूसरी दलहन आत्मनिर्भर मिशन के साथ-साथ विभिन्न विभागों से संबंधित जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन आदि 11 विभागों से संबंधित 36 योजनाओं को सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल रूपये 42000 करोड़ से अधिक की योजना का शुभारंभ सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। उन्होने किसानों से आह्वान किया किसान भाई इन योजनओं को मिशन मोड में चलाकर अधिक से अधिक उत्पादन करें जिससे कि हम भविष्य में आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान संघ के पदाधिकारी गण शैलेंद्र सिंह, रजनीश यादव, बृजेश भी उपस्थित रहे। एवं अपने उद्धवोधन से सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में कुल 150 से अधिक कृषक तथा कृषि अधिकारियों ने भाग लेकर उक्त कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर केवीके के द्वारा ग्राम सेमरा डाट में लिंक के माध्यम से कार्यक्रम का सजीव एवं सीधा प्रसारण कृषको के बीच रिसोर्स परसन चंद्र किशोर के माध्यम से किया गया। इसमें 62 से अधिक कृषकों ने भाग लेकर कार्यकम से लाभन्वित हुऐ। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा व्हाटअप ग्रुप के माध्यम से भेजे गये लिंक द्वारा लगभग 100 से अधिक कृषकों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ वैज्ञानिकों ने भी विविध विषयों जैसे प्राकृतिक खेती, मसूर, गेहूं, चना आदि की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकी, खाद एवं उर्वरकों का संतुलित उपयोग आदि के बारे में भी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सागर से डॉ. ममता सिंह, डॉ. वैशाली शर्मा, मयंक मेहरा द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

## लोकतंत्र को बार-बार होने वाले चुनाव से मुक्ति दिलाने का समय आ गया है : श्याम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को गति देने और इसको छात्रों-युवाओं के माध्यम से चलाने की विस्तृत योजना तैयार की है। स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन की जिला टोली के साथ शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने बैठक कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम में जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

बैठक में जिला प्रभारी भूपेन्द्र राय जिला संयोजक शुभम सोनी ने भी विचार रखें।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि 27 अक्टूबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय, सागर में अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री राहुल नामदेव को प्रभारी बनाया गया है।

बैठक में मनीष चौबे, शालीन सिंह, अंशुल परिहार, नितिन सोनी, राम रिछारिया, सुप्रियो राय, रोशन रजक, शशांक भार्गव, साकेत चौरसिया, नीरज लोधी एवं प्रत्येक तहसील के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संभागीय कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर को होगा

**सागर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश क्रमांक 14 (1) एवं (2) के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर को सागर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में किया जाना है । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि विनोद मिश्रा कुलगुरू रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय सागर, डा नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक सागरश्री, धीरेंद्र शुक्ला विशेष कर्तवस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, डा सरोज गुप्ता प्राचार्य, नितिन शर्मा अध्यक्ष जनभागीदारी मुख्य रूप से कार्यक्रम को गौरांवित करेंगे।



### कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने के लिए महापौर व निगमायुक्त का आभार व्यक्त किया

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर के सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा ज्ञापन 09 अक्टूबर में वर्णित मांगों के निराकरण हेतु महापौर संगीता तिवारी की अध्यक्षता में सभी महापौर परिषद सदस्य, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं नगर निगम कर्मचारी संगठनों के सभी प्रतिनिधियों के मध्य 10 अक्टूबर दोपहर 1 बजे को महापौर कक्ष में आहूत बैठक में महापौर द्वारा अवगत कराया गया कि कर्मचारियों के गृह भाड़ा की फाईल में 7 वे वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है जिसके संबंध में सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा महापौर का आभार व्यक्त किया गया है । तथा शेष मांगो पर सर्वसम्मिति से निर्णय लिये गये जिसमें कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान 03 दिवस में कर दिया जावेगा, एरियर एवं सफाई कामगारो के आंदोलन अवधि की काटी गयी 07 दिवस की राशि का एवं बकाया पिछला भुगतान मकरोनियाँ नगर पालिका से राशि प्राप्त होने पर कर दिया जावेगा। पदोन्नती के संबंध में 01 सप्ताह के अंदर कार्यवाही पूर्ण कर ली जावेगी एवं प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में समिति गठित की जावेगी जिसमें कर्मचारी संगठनो के सदस्य भी शामिल होगें। इसके साथ ही शेष मांगो के निराकरण के संबंध में भी आपसी सहमति बनी है। कर्मचारियों की मांगों के निराकरण हेतु महापौर, परिषद सदस्यगणो, आयुक्त का आभार राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू द्वारा व्यक्त किया गया । बैठक में मनोज चैबे, हरेन्द्र खटीक, सुदेश सनकत, महेश करोसिया भोला करोसिया, विजय महावत, दीपक ज्ञान, दशरथ महावत, हेमंत सारवान तथा सुदामा मछन्दर आदि उपस्थित थे।

महापौर ने कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त कर जल्दी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

# शहर की पार्किंग समस्या के निराकरण हेतु महापौर ने पं.मोतीलाल स्कूल में बनाई जा रही मल्टीलेबिल पार्किंग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लंबे समय से चली आ रही शहर की यातायात व्यवस्था के स्थायी निदान करने हेतु पं. मोतीलाल स्कूल कटरा बाजार में 39 करोड़ रूपये की लागत से बनायी जा रही मल्टी लेबिल पार्किंग का महापौर संगीता तिवारी ने एम.आई.सी. सदस्यों एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मल्टीलेबित पार्किंग के निर्माण की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। मल्टीलेबिल पार्किंग का निर्माण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा साथ ही कटरा बाजार में खड़ी चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिये स्थान सुरक्षित रहेगा। मल्टीलेबिल पार्किंग में ग्राउण्ड फ्लोर पर 300



दो पहिया वाहनों को रखने, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर 100-100 चार पहिया वाहनों को रखने की व्यवस्था की गई है तथा इसकी छत पर मल्टी प्लेक्स और फूड कोर्ट बनाया जायेगा। मल्टीलेबिल पार्किंग के साथ ही 26 करोड़ की राशि से व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जायेगा। इस व्यवसायिक परिसर में 150 दुकानों का निर्माण किया जायेगा जो एक वर्ष के भीतर पूर्ण हो जायेगा।निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है, मल्टीलेबिल पार्किंग के निर्माण से कटरा बाजार सहित अन्य क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था सुधार होगा साथ ही मल्टीलेबिल पार्किंग के साथ ही यातायात पुलिस चैकी एवं फायर स्टेशन का निर्माण भी किया जायेगा जिससे फायर गाड़ी वहाँ पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कि एक वर्ष के भीतर मल्टीलेबिल पार्किंग बनकर तैयार हो जायेगी जो इस शहर के लिये एक नई उपलब्धि प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी.सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटैल, कंचन सोमेष जड़यि, संगीता शैलेश जैन, नरेश यादव, रामराकेश साहू, भाजपा नेता रिशांक तिवारी, संतोष दुबे, प्र.कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, कंसल्टेंट अनुराग सोनी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में होने वाली शादियों की तिथि तय

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित / निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 12.11.2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधू की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधू को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है। इस बार योजना के तहत हर जोडे पर 1 लाख रुपयें खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में भेजे जाएगें, जबकि बाकी राशि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी जी, के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका ललितपुर, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। 12 नबंवर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 7 नबंवर तक प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को ही सम्मिलित किया जाएगा।

### मोटर साइकिल चोरी करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला बड़ापुरा अंतर्गत रहने वाले रामनिवास पुत्र सीताराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार-शुक्रवार की रात 1.30 बजे पठापुरा निवासी तीन बदमाशों ने जिनमें से एक को वह पहचानता है ने उसकी प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एम 6142 को चोरी कर लिया है। मामले की सूचना उसने मिलने पर उसने जब पड़ौस के सीसीटीवी की जांच की तो उसने बाइक चोरी करने वाले एक व्यक्ति को पहचान लिया। पीड़ित ने पुलिस से बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### निम्न आय वर्ग को मिलेगी होम लोन पर 1 लाख 80 हजार सब्सिडी

**विदिशा।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को होम लोन पर अधिकतम 1.80 लाख रुपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।

### ललितपुर पुलिस को सितंबर-2025 के लिए मिला 23वां स्थान

# जन शिकायतों में सुनवाई पर प्रदेश में 11 थानों को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ललितपुर

सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को माह सितम्बर-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 23 वां स्थान व कानपुर जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से



मूल्यांकन में मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 11 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए एसपी ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा कर पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

#### इन थानों को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

आईजीआरएस जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश की रैंक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ललितपुर के 11 थानों में थाना मडावरा, थाना बानपुर, थाना कोतवाली, थाना तालबेहट, थाना महरौनी, महिला थाना, थाना बार, थाना पाली, थाना सौजना, थाना बालाबेहट, थाना जाखलौन शामिल हैं।

#### यह पुलिस टीम है आईजीआरएस में शामिल

पुलिस विभाग से जारी आईजीआरएस में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मियों में आईजीआरएस सेल प्रभारी उ.नि. राजकिशोर मिश्रा, मुख्य आरक्षी दीपक कुमार, महिला कां.सोनम गोयल, कां.गौरव शर्मा, कां.आशीष वर्मा, म.का. पल्लवी शामिल रहीं।

## साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी, किया निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इसी दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल एवं शारीरिक अभ्यास का एसपी ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में अनुशासन, सामूहिक तालमेल, आदेशों के पालन एवं उत्साह की सराहना कर प्रशिक्षण की वर्तमान प्रगति, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रशिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही प्रशिक्षण विधियों की समीक्षा करते हुये प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। एसपी ने पुलिस लाइन में संचालित आर.टी.सी. के भोजनालय का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई को परखा गया एवं सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित कर त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी मो.मुश्ताक ने आपदा की परिस्थितियों जैसे बाढ़, आग, भूकम्प अथवा सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, त्वरित प्रतिक्रिया, टीमवर्क तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी देते हुये एसडीआरएफ की टीम द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबधंन के सम्बन्ध में दिये जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तदोपरान्त एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर,

### 4 चरणों में संचालन हो चुका

## मिशन शक्ति में हुई ढाई हजार मरीजों की जांच : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ललितपुर

महिलाओं के स्वास्थ्य की परिवार के सशक्तीकरण, समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है। संपूर्ण प्रदेश में अभियान का पांचवा चरण शुरू किया गया है।

मिशन शक्ति विशेष अभियान मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान के उद्देश्यों के साथ मिशन शक्ति के रूप में वृहद अभियान के पहले चरण की शुरुवात 17 अक्टूबर 2020 को की गई थी। अभी तक 4 चरणों में इसका संचालन किया जा चुका है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृह, सहित 28 विभागों तथा समाज-सेवी संस्थायें तथा शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। अभियान के प्रथम 4 चरणों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से 9 करोड़ से अधिक जन-सामान्य तक पहुंच कर उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों से अवगत कराया गया है। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उनसे सम्बन्धित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य एवं उचित सम्मान मिशन शक्ति 5.0 की प्राथमिकता है। अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को उचित सम्मान देना व कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी देना शिक्षा हेतु प्रेरित करना व समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहारिक बदलाव लाना आदि गतिविधियां शामिल हैं। मिशन शक्ति अन्तर्गत जनपद के विभिन्न प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 2818 मरीजों की जांच की गई।

## बस ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत




**ललितपुर।** सड़कों पर बेखौफ होकर अंधी रफ्तार से नॉन स्टाप बनकर भाग रहीं बसें अब लोगों का काल बन गयीं हैं। शुक्रवार को लापरवाही से भाग रही बस ने ललितपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बिरधा के पास ग्राम छैघरा में बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी और रौंद दिया। इस घटना से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि एक अन्य घायल बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छाबड़ा कम्पनी की बस बाइक सवारों को टक्कर मारते हुये मोटर साइकिल को करीब 2 किमी दूर तक घसीटते हुये ले गयी। मृतकों की पहचान बिरधा निवासी गंगाराम (35) और राजेश (30) के रूप में हुई है। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बस को भी जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला समेत 4 पर एफआईआर

## उधारी चुकता होने पर भी वापस नहीं दे रहे जमीन विक्रय पत्र

**ललितपुर।** साहूकारी के एवज में रजिस्ट्री वापस न करने और धमकाने का आरोप लगाये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में एसपी के आदेश पर थाना महरौनी पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम पठाविजैपुरा निवासी कृष्णकुमार पुत्र रामदेव तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। बताया कि वर्ष 2010 में उसके चचेरे भाई रामनरेश को कैंसर की बीमारी होने के कारण इलाज के लिए गांव के राजेश पुत्र रामगोपाल से फुटकर-फुटकर करीब 2 लाख रुपये दिया। लेकिन रामनरेश की वर्ष 2012 में मृत्यु होने के पश्चात राजेश उक्त रुपयों का दबाव बनाते हुये उसके पिता रामदेव तिवारी से आराजी नं. 998 रकवा 4.246 हे में से 0.809 हे. का विक्रय पत्र वर्ष 2016 में अपनी पत्नी गीता देवी के नाम से इस शर्त पर करा लिया था कि इलाज के लिए उधार लिये रुपये वापस करने पर विक्रय पत्र वापस हो जायेगा। आरोप है कि पिता ने 2 लाख रुपये मय ब्याज के धीरे-धीरे करके अंतिम भुगतान 30 जून 2025 को करते हुये जमीन का विक्रय पत्र वापस मांगा तो राजेश ने मना कर दिया। पंचायत जोडने पर 50 हजार रुपये ब्याज से अधिक होने पर पंचों ने रजिस्ट्री खर्च राजेश को ही उठाने को कहा। इस पर खरीफ की फसल आने पर अक्टूबर 2025 को विक्रय पत्र वापस करने की मांग की गयी। आरोप है कि राजेश विदुआ, गीता देवी पत्नी राजेश, अंशु विदुआ और आकाश विदुआ पुत्रगण राजेश ने उन्हें गालियां देते हुये जमीन का विक्रय पत्र देने से मना कर दिया। एसपी के आदेश पर महरौनी पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 308 (3), 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरुकता पर विचार गोष्ठी हुई

## हर व्यक्ति के लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी: डॉ. सूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ललितपुर




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोग विभाग के तत्वावधान एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो० डा० सुनैना सूद विभागाध्यक्ष, मानसिक रोग विभाग स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर ने अपने सम्बोधन में इस वर्ष 2025 की थीम सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुये बताया कि मानसिक स्वास्थ्य दिवस को प्रत्येक वर्ष की भांति 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। हर व्यक्ति के लिए जितना उसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी है। उतना ही उसके लिए मानसिक स्वास्थ्य जरूरी होता है। कई बार कुछ चीजों को नजर अंदाज करके कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हमें बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपने आस-पास के लोगों में कहीं कोई इस चीज से जूझ तो नही रहे। जब लोग मानसिक तनाव से गुजरते है तो वो खुद में कई तरह की चीजों में बदलाव देखने को मिलता है। आज कल सोशल मीडिया की वजह से बच्चे व बड़े भी रात को देर रात तक मोबाइल में लगे रहते है जिससे उनकी नींद पूरी नही होती और इसका सीध असर दिमाग पर पड़ता है। अगर लम्बे समय तक बच्चे व बडों की नींद पूरी न हो तो यो स्ट्रेस की भी बडी बजह हैं ऐसे में बच्चे व बडे को रोजना एक ही टाइम पर सोने की आदत डाले इससे नींद भी पूरी होगी और रात को ओवरथिंग करने से भी बच्चे व बडे बचेंगे।

डॉ. पवन सूद, वरिष्ठ फिजीशियन ने बताया कि विश्व मानसिक त्वास्थ्य दिवत्त आज दुनिया भर में ननाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता बढ़ाना, गति प्रदान करना है यह दिन लोगों को अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों में मेंटल हेल्थ के प्रति जागरूता फैलाना है। आज कल बड़ों से लेकर बच्चे तक स्ट्रेस का शिकार हो रहे है। स्ट्रेस को दूर करने के लिए मेडिटेशन सबसे बढ़िया उपाया हैं बच्चे में यह आदत डालना बहुत जरूरी है। शुरू-शुरू में उन्हे खेल के तौर पर मेडिटेशन करवाएं, कुछ समय के बाद ये उनकी डेली रूटीन का हिस्सा बन जाएगा। इससे उनका दिमाग फ्रेश रहेगा साथ ही स्ट्रेस भी दूर रहेगा।

डॉ. श्रुति सिंह, उप प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुये बताया गया कि तमात किसी भी समस्या का हल नहीं होता है बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्नदाता होता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सनी से अपील है कि जिंदगी की परेशानियां को शान्ति के साथ सुलझाए परिस्थिति कैसी भी हो खुश रहना सीखें, खूब हंसे और तनाव को अपने पास भटकने भी न दें। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉ. गजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. एनसी गुप्ता, डॉ. रवि पचौरी, डॉ. घनश्याम, डॉ. डीके राज, डॉ. डीबी सिंह, डॉ. मनीष कुमार माथुर, डॉ. प्रियंका गुडरेले, डॉ. प्रिया जैन, नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, महेन्द्र पटेल हेल्प डेस्क मैनेजर व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद।

### करवा चौथ पर परिचर्चा आयोजित की

## करवा चौथ का व्रत भारतीय दाम्पत्य जीवन के प्रेम प्रवाह का ज्योतिर्मय निर्झर : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ललितपुर

करवा चौथ के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि वस्तुतः लोकगीत जो अनुभूत विचारों और भावनाओं में रचे बसे ऐसे वनफूल होते हैं जो माली द्वारा खाद-पानी से पोषित उद्यान के पुष्प होते हैं। एक बुन्देली बाला यद्यपि बखूबी जानती है कि मेरा साजन श्रमिक परिवार का होने के कारण आभूषण बनवाने की हैसियत नहीं रखता। परंतु वह मन का बड़ा धनी है, इसलिए वह जैसे ही काम करके घर लौटता है कि वह - हंस दै लये झंझर किबार ! सजना ककना ( कंगन ) बनवा दो सोने के। वह अपने टूटे-फूटे किवाड़ों को सहसा बंद कर लेती है और किवाड़ों की चौड़ी सांसों से इसरार करते हुए अपनी स्वाभाविक मुस्कान को छिपाने के लिए जैसे ही मीठे विनोद को अभिव्यक्त करती है तो उसकी मसखरी छिपाये नही छिपती। क्योंकि उसे बोध है कि उसके माता-पिता ने भी विवाह के समय उसे जो चांदी की कुलदेवी बीजासेन माता की पुतरिया दी थी उसके कर्ज का ब्याज तक अभी चुकता नहीं हो पाया और इधर अपनी ही बड़ी बेटी के हाथ पीले करने की चिन्ता बढ़ती ही जा रही । परंतु किसान मजदूर और शिल्पकार संतुष्ट और सुखी दाम्पत्य जीवन वनवासी भगवान राम की तरह मुसीबत के समय भी आनंदपूर्वक बड़प्पन के साथ जीवन जीने की कला में बड़े माहिर हैं।

चित्रकूट की स्फटिक शिला पर प्रभु राम सीताजी के साथ बैठे हैं और वहाँ की प्राकृतिक छटा और घटा को निहार-निहार कर वहां के वनफूलों को चुन-चुन कर फूलमाला पिरोते हैं और अपनी प्राणप्रिया के गले में पहना देते हैं। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं - कुश कंटकों को रौंदती हुई सीताजी भगवान राम से आगे-आगे चलने का साहस रखतीं हैं। इसी बात को और आगे बढ़ाते हुए महात्मा तुलसी कहते हैं कि उन्हें थका हुआ जानकर लक्ष्मणजी को जब पानी लेने के लिए दूर भेज दिया जाता है तो श्रीराम जी उनकी थकान मिटाने के लिए अपने पांव में लगे झूठ-मूठ कांटा निकालने का बहाना करने लगते हैं तुलसी रधुवीर प्रिया श्रम जानि कै, बैठि बिलम्ब लौ कंटक काढे।

इसी तरह अपने द्वापर काव्य में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त माता यशोदा के मुख से कहलाते हैं - मेरे पति (नंद) कितने उदार हैं , गदगद हूं यह कहते , रानी सी रखते हैं मुझको स्वयं सचिव से रहते हैं यानि पति होकर वे कभी निरंकुश राजा की तरह कठोर आज्ञा पालन के लहजे में न बोलकर मंत्री अर्थात मंत्रणा की मीठी मुद्रा में ही सदा संलाप करते हैं। आधुनिक युग में बापू और वा लगातार 22 वर्ष तक दिल से दिल और हाथ से हाथ मिलाकर सत्याग्रह संग्राम में कदम से कदम मिलाकर तथा भारत लौटने पर स्वतंत्रता संग्राम में अग्रसर हेते रहे।

### पेयजल आपूर्ति संसाधनों में व्यवधान न आए कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो तथा आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए अभी से समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाएं बिजली या संसाधनों के अभाव में बंद न हों। ऊर्जा विभाग को नियमित बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए। नल-जल योजनाओं के छोटे कार्य (20 से 25 हजार रुपए तक) वेण्डरों के माध्यम से कराकर भुगतान ग्राम पंचायत से कराने की बात कही गई। जलकर वसूली का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपने और उन्हें प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया।

### सरकारी डॉक्टरों की नियम विरुद्ध निजी प्रैक्टिस करने की शिकायत

**विदिशा।** जिले में पदस्थ कई सरकारी डॉक्टरों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए निजी क्लिनिक व मेडिकल दुकानों के अंदर या आसपास क्लिनिक संचालित करने की शिकायत सीएमएचओ से गई है। शिकायतकर्ता शोभित अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में मात्र 170 से 175 मेडिकल संस्थान ही पंजीकृत हैं, जबकि अनेक सरकारी डॉक्टर बिना पंजीकरण के निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। डॉक्टरों की मेडिकल दुकानदारों से मिलीभगत के कारण मरीजों को केवल तय दुकानों से ही दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर केवल अपने आवास पर ही सीमित परामर्श दे सकते हैं, परंतु कई डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों और क्लिनिकों में भी कार्यरत हैं, जिससे सरकारी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### आपदा की स्थिति में त्वरित राहत, बचाव और समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया

# मेडिकल कॉलेज में भूकंप के बाद लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में भूकंप एवं आगजनी की स्थिति पर संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

यह अभ्यास आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन योजना के तहत किया गया, जिसमें 11वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल टीम, एसडीईआरएफ विदिशा, होमगार्ड और नगर पालिका की टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त



**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में आपदा की स्थित में बचाव का अभ्यास करते हुए।

कलेक्टर अनुभा जैन रहीं। अभ्यास के परिदृश्य के अनुसार भूकंप के झटकों से मेडिकल कॉलेज की एक इमारत का हिस्सा ढह गया, जिसमें कई लोग फंस गए। प्रारंभिक बचाव कार्य होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम ने शुरू किए, पर स्थिति गंभीर होने पर एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन, उप कमांडेंट एसए सिकंदर के नेतृत्व में भोपाल से मौके पर पहुंची। टीम ने ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट स्थापित कर लाइन सर्च, रोप रेस्क्यू और विक्टिम लोकेटिंग कैमरा जैसी तकनीकों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।

#### आईसीयू में लगी आग, फायर टीम ने नियंत्रित की

भूकंप के बाद शॉर्ट सर्किट से आईसीयू वार्ड में आग लगने की स्थिति का अभ्यास भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में नगर पालिका की फायर टीम ने फायर टेंडर से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। वहीं प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में सीडीईआरएफ टीम ने फायर एक्सटिंग्यूशर और रोप रेस्क्यू तकनीक से मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। डीन डॉ. मनीष निगम, डॉ. नरेंद्र पटेल सहित उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की सराहना की। यह मॉक ड्रिल आपदा की स्थिति में राहत-बचाव की तैयारी साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने का भी सार्थक प्रयास है।


### जिला वासियों की पाती प्रदेश के मुखिया के नाम

# मेडिकल कॉलेज ही सारी समस्याओं का समाधान नहीं, लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भी होना चाहिए दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रदेश के मुखिया श्योपुर आ रहे हैं, यहां वह जिले को मेडिकल कॉलेज के रूप में मिली सौगात का पुनः स्मरण भी कराएंगे। हालांकि श्योपुर जैसे स्वास्थ्य सुविधा में पिछड़े जिले में मेडिकल कॉलेज का होना किसी सौगात से कम नहीं है लेकिन सारी समस्याओं की जड़ सिर्फ मेडिकल कॉलेज ही तो नहीं हो सकता जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्थाएं और भी है जिन्हें दूर करने की जरूरत है ऐसी ही स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर जिले की जनता की ओर से हरिभूमि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ओर ध्यान आकर्षित करा रहा है ताकि मुख्यमंत्री का ध्यान इन कमियों की ओर जाकर निराकरण हो सके।

श्योपुर जिला मप्र के सबसे पिछड़े और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में गिना जाता है। भौगोलिक कठिनाइयों, सीमित संसाधनों और कम शहरीकरण के कारण यहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्था वर्षों से जूझ रही है। जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। अधिकांश पद रिक्त हैं, और जो चिकित्सक नियुक्त होते भी हैं, वे कुछ समय बाद स्थानांतरण की मांग कर लेते हैं। ओर जो डॉक्टर आते हैं वह संसाधनों के अभाव में काम नहीं कर पाते हैं। इसकी बानगी विगत एक दशक से जिला अस्पताल में मोतियाबिंद का मामूली ऑपरेशन भी नहीं होना है। इस दरम्यान आधा दर्जन से अधिक नेत्र सर्जन यहां भेजे गए लेकिन बिना काम के बैठे रहने से अधिक उन्होंने अपना ट्रांसफार्मर दूसरी जगह कराने में ही रुचि अधिक ली, हाल ही में मेडिकल कॉलेज के लिए भेजे गए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजेंद्र स्वरूप ने कई जटिल ऑपरेशन तो किए हैं लेकिन साधन सुविधा के अभाव में यह ऑपरेशन उन्होंने किस तरह किए हैं यह वही बता सकते हैं।



### सीएम से सौगात की उम्मीद

श्योपुर आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से जिला वासियों को कई उम्मीदें हैं। खासकर जिले की खस्ताहाल स्वास्थ्य सेवा को चुस्त दुरुस्त करने के लिए इसके लिए मेडिकल कालेज के पास 610 बिस्तरों वाले हॉस्पिटल की स्वीकृति सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि मेडिकल कॉलेज में पदस्थ चिकित्सकों का सदुपयोग तब तक नहीं हो सकता है जबतक उन्हें अपने परिसर के पास हॉस्पिटल न मिले। ऐसा भी नहीं है कि इस हॉस्पिटल की स्वीकृति प्रदान करना सीएम के लिए कोई मुश्किल काम हो या ये कोई नवाचार हो ऐसा होता ही है, श्योपुर के साथ सिंगरोली को भी मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है जनप्रतिनिधियों की मांग पर वहां पर 610 बेड वाला हॉस्पिटल न सिर्फ़ स्वीकृत हो चुका है बल्कि उसका निर्माण भी चालू है। हमारा मेडिकल कॉलेज ट्रायबल एरिया में खोले जाने से यहां आने वाले स्टाफ (चिकित्सक) को स्पेशल अलाउंस मिलना है, जिससे बड़े शहरों से अच्छी फैकल्टी आकर्षित हो सकती है।

### विशेष भत्ता योजना अधूरी

सरकार ने पूर्व में "मुख्यमंत्री सुषेण चिकित्सक प्रोत्साहन योजना" के तहत आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को 30,000 से 75,000 रुपये तक का विशेष भत्ता देने की घोषणा की थी। इस योजना का उद्देश्य था कि डॉक्टर दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा देने के लिए प्रेरित हों।

लेकिन यह योजना व्यवहार में पूरी तरह लागू नहीं हो सकी। कई जिलों में भत्ता न के बराबर दिया गया या देरी से मिला, जिससे डॉक्टरों का उत्साह घटा है।

### तो छिन भी सकती है मेडिकल कॉलेज की मान्यता

श्योपुर में स्थापित नया सरकारी मेडिकल कॉलेज राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है,जिससे उम्मीद थी कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी। लेकिन यहाँ भी फैकल्टी और विशेषज्ञ डॉक्टरों के कई पद रिक्त हैं। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने भी इस संबंध में आपत्तियाँ जताई हैं। यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो कॉलेज की मान्यता पर असर पड़ सकता है।

### डॉक्टरों की कमी से चरमराई व्यवस्था

ग्रामीण इलाकों के कई स्वास्थ्य केंद्र महीनों से बिना डॉक्टर के चल रहे हैं। मरीजों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी ग्वालियर, सवाई माधोपुर, कोटा, जयपुर तक जाना पड़ता है। आपातकालीन स्थितियों में तो यह दूरी कई बार जानलेवा साबित होती है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग कई बार इस स्थिति की जानकारी शासन को दे चुके हैं। कई स्मरण पत्र भी भेजे गए, परंतु अब तक कोई ठोस सरकारी कार्रवाई नहीं हुई है। परिणामस्वरूप श्योपुर की स्वास्थ्य सेवाएँ आज भी बुनियादी स्तर पर पिछड़ी हुई हैं।

### सरकार से अपेक्षित कदम

1. श्योपुर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों के लिए विशेष प्रोत्साहन भत्ता लागू किया जाए।
2. आवास, परिवहन और सुरक्षा सुविधाएँ सुनिश्चित हों।
3. मेडिकल कॉलेज में स्थायी फैकल्टी नियुक्त की जाए।
4. पदोन्नति और स्थानांतरण नीति में दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाए।

### स्थाई भर्ती और पदोन्नति में प्राथमिकता जरूरी

वर्तमान में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में अधिकांश डॉक्टर अस्थायी या अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं। स्थायी भर्ती न होने से संस्थान की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।सरकार को चाहिए कि श्योपुर के लिए स्थायी फैकल्टी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करे और कठिन क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को पदोन्नति में अतिरिक्त लाभ दे। श्योपुर जिले की अधिकांश आबादी आदिवासी है, जो आर्थिक रूप से कमजोर और स्वास्थ्य के प्रति कम जागरूक है। ऐसे में यहाँ की पूरी आबादी सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहती है। यदि वही अस्पताल डॉक्टरों के बिना रहेंगे, तो स्वास्थ्य सेवाएँ केवल कागजों तक सीमित रह जाएँगी।

### इनका कहना है ...

श्योपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी गंभीर संकट से गुजर रही है। डॉक्टरों की कमी, अधूरी नियुक्तियाँ और सरकारी उदासीनता ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह न केवल श्योपुर बल्कि पूरे ग्वालियर-चंबल संभाग के लिए एक गहरा स्वास्थ्य संकट बन सकता है। सरकार को चाहिए कि वह शीघ्र निर्णय लेकर इस जिले के लिए विशेष नीति बनाए, ताकि यहाँ के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और सतत चिकित्सा सुविधा मिल सके।

**डॉ एसके तिवारी**
**सेवा निवृत्त सिविल सर्जन,श्योपुर**

### दांतरदा और ढोढर में आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

# संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नही,बल्कि समाज निर्माण और आत्मचिंतन का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में इन दिनों जिले में मंडल स्तर पर पथ संचलन निकाले जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को सोंई खंड के दांतरदा और ढोढर में मंडल स्तरीय पथ संचलन निकाले गए। देश भक्ति गीतों के साथ प्रमुख मार्गो से होकर निकले इस पथ संचलन में बडी संख्या में संघ के गणवेश धारी स्वयंसेवक हाथ में दंड लेकर शामिल हुए। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक घोष की थाप पर कदमताल मिलाते हुए जिस मार्ग से गुजरे तो वहां ग्रामीणों की भीड पथ संचलन को देखने के लिए लग गई। पथ संचलन का जगह जगह ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया गया।

शनिवार को दांतरदा में पथ संचलन की शुरूआत कस्बे के मिडिल स्कूल प्रांगण से हुई। यहां पथ संचलन से पहले आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला सह कार्यवाह सत्यनारायण शिवहरे ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज निर्माण और आत्मचिंतन का अवसर है। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन के माध्यम से संघ जीवन, समाज, परिवार, पर्यावरण और संगठन में सकारात्मक बदलाव का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।बौद्धिक कार्यक्रम के पथ संचलन आरंभ हुआ। जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। जगह जगह पथ संचलन का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। वापस मिडिल स्कूल पहुंचकर पथ संचलन का समापन हुआ।

### ढोढर में मंडी प्रांगण से शुरू हुआ पथ संचलन



शनिवार को ढोढर कस्बे भी पथ संचलन निकाला गया। इसके लिए ढोढर सहित आसपास के गांवो के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण ढोढर स्थित मंडी प्रांगण हुआ। यहां बौद्धिक कार्यक्रम के बाद संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ। पथ संचलन ढोढर कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते हुए लोगों में देश भक्ति का जोश भरते हुए आगे बढते जा रहे थे। पथ संचलन का कई जगह लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। पथ संचलन वापस मंडी प्रांगण में आकर सम्पन्न हुआ। उधर वीरपुर कस्बे भी शनिवार को पथ संचलन निकाला गया।

### दो सालों से बिन वेतन मनी दिवाली, इस बार भी वैसे ही हालत

# सीएमओ का फरमान वेतन चाहिए तो जमा कराओ बकाया वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगर पालिका में कर्मचारियों को वेतन के लाले पढ़ना कोई नई बात नहीं है। हमेशा तीन माह का वेतन चढ़ जाने के बाद एक माह का वेतन मिलना कर्मचारियों की नियति बन चुका है पर परेशानी यह है कि दीपावली के त्यौहार के समय हमेशा अग्रिम भुगतान के रूप में मिलने वाला वेतन इस बार मिल सकेगा या नहीं। ज्ञात हो कि बीते 2 सालों से कर्मचारियों को दीपावली पर वेतन नहीं मिला था यह तीसरा साल है जिसमें भी वेतन का संकट पड़ता दिखाई पड़ रहा है। उधर सीएमओ आरआर यादव ने कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है कि अगर वेतन चाहिए तो बकाया वसूली जमा कराओ। इसके बाद कर्मचारी घर-घर पहुंचकर बकाया वसूली जमा कराने में जुट गए हैं ।

शनिवार को सरकारी छुट्टी होने के चलते दफ्तर बंद रहा लेकिन नगर पालिका कर्मचारी विभिन्न वार्डों में बकाया वसूली के लिए शिविर लगा कर बैठे दिखाई पड़े। नगर पालिका पर जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया सहित विभिन्न करों का करोड़ों रुपया बताया है उधर नगर पालिका को करीब 72 लाख रुपए के रूप में मिलने वाली टीटी (चुंगी क्षतिपूर्ति) राशि भी कम आ रही है जिससे कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को वेतन निकालने का एकमात्र जरिया नगर पालिका की आय बढ़ाने और बकाया वसूली जमा करना मजबूरी बन गया है जिसके चलते कर्मचारी इन दिनों विभिन्न वार्डो में शिविर लगाकर पैसा जमा कर रहे हैं इस दौरान बकायादारों के घरों पर पहुंचकर नपा कर्मचारी दस्तक देकर उनसे बकाया राशि जमा कराने का काम कर रहे हैं जो लोग बकाया जमा नहीं कर रहे हैं उनके नल कनेक्शन विच्छेद करने और नोटिस देने का काम भी किया जा रहा है जिससे डरकर लोग अपनी बकाया वसूली आनन फानन में जमा कर रहे हैं।

# विचारों पर नियंत्रण व सकारात्मक सोच रखना मानसिक स्वास्थ्य की अहम शर्तें: शर्मा

### कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में शनिवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विषय विशेषज्ञ व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम को कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि तीस मिनट का व्यायाम और प्रकृति की निकटता एवं सकारात्मक कार्य हमें मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं। आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुए अस्वस्थ मानसिक स्थिति का कारण आधुनिकरण के दौर में हमारी भारतीय ज्ञान परंपराओं एवं संस्कृति से दूर होना है।अपने माता-पिता के प्रतिदिन पैर छूने से हम हमारे जीवन में सकारात्मक को कहीं गुना बढ़ा सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ लोकेंद्र सिंह जाट ने अपने संबोधन में अच्छे मानसिक स्वास्थ्य और खराब मानसिक स्वास्थ्य में अंतर बताते हुए कहा कि सांवेगिक बुद्धिमता का प्रबंधन , विचारों पर नियंत्रण एवं सकारात्मक सोच रखना मानसिक स्वास्थ्य की अहम शर्ते है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा चौकसे ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ सहित विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# कोटा बैराज से चंबल नहर में छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल नहर में पानी का इंतजार कर रहे किसानो के लिए खुश खबरी है कि शनिवार को चंबल नहर में कोटा बैराज से 575 क्यूसेक पानी छोड दिया गया है। धीरे-धीरे पानी की मात्रा मांग अनुसार 700 क्यूसेक तक बढाई जायेगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चेतन्य चौहान ने बताया कि कृषको द्वारा पानी छोडे जाने की मांग पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कोटा बैराज से अधिकारियों तथा संभागीय कमिश्नर से चर्चा की गई थी तथा मध्यप्रदेश के उच्च अधिकारियों को इस मांग से अवगत कराया गया था। इसके उपरांत गत 7 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से दूरभाष पर चर्चा की गई थी, जिसके बाद चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड दिया गया है। जिससे किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

# जिले में स्मैक की सप्लाई करने वाला सरगना चाचा बड़ौदा पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



राजस्थान के बारां से श्योपुर जिले खासकर बडौदा क्षेत्र में स्मैक की सप्लाई करने वाले एक सरगना शरीफ उर्फ चाचा को बडौदा थाना पुलिस ने दबोच लिया है। खास बात यह है कि यह सरगना भलेही पैर से दिव्यांग है,लेकिन एक शातिर अपराधी भी है। जिस पर राजस्थान में स्मैक सप्लाई करने के साथ साथ अन्य कई गंभीर धाराओ में भी अपराध दर्ज है।

बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को नशा विरोधी अभियान के तहत पांडोला निवासी एक स्मैक तस्कर मुकेश माली को दबोचा था,जिसमें कब्जे से करीब 10 ग्राम स्मैक जब्त की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया था कि उसे इस क्षेत्र में खफाने के लिए स्मैक राजस्थान के बारां की अमन कॉलोनी में रहने वाला शरीफ उर्फ चाचा उर्फ लगडा पुत्र करीम मुसलमान करता है। जिसके बाद शरीफ उर्फ चाचा को इस मामले में आरोपी बनाकर उसे राजस्थान के बारां से दबिश देकर दबोच लिया। जिसे पूछताछ के बाद श्योपुर कोर्ट में पेश कर दिया है। बता दें कि आरोपी शरीफ उर्फ लगडा पर राजस्थान में हत्या, बलवा, मारपीट और स्मैक संबंधी मामले दर्ज है। इस कार्रवाई में बडौदा टीआई के अलावा उनि धर्मेन्द्र शर्मा, सउनि श्यामवीर सिंह यादव चौकी प्रभारी पांडोला, प्रआ सुनील भार्गव, आरक्षक मनोज शर्मा, राकेश कुमार, प्रियंका जादौन,कुलदीप शर्मा का अहम योगदान रहा है।

### बिजली कंपनी की उदासीनता से अटका पोल शिफ्टिंग का काम

# कैसे बढ़ेगी सुंदरता: नाला निर्माण में 52 तो हाईवे की चौड़ाई बढ़ाने में बाधा बन रहे 53 बिजली के पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में एनएचएआई के द्वारा इन दिनों नाला निर्माण के साथही हाइवे की चौडाई बढाए जाने का काम किया जा रहा है। लेकिन इस काम में 105 बिजली पोल बाधा बन रहे है। जिसकारण हाइवे की चौडाई आधी अधूरी बढ पा रही है। इसलिए एनएचएआई इन बिजली पोलो को दूसरी जगह शिफ्ट कराना चाहती है,मगर यह शिफ्टिंग का यह काम बिजली कंपनी की उदासीनता के कारण अटका नजर आ रहा है। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि हमने बिजली कंपनी से बिजली पोलो को दूसरी जगह शिफ्ट किए जाने के लिए एस्टीमेट मांगा है,लेकिन बिजली कंपनी के द्वारा एस्टीमेट ही नहीं दिया जा रहा है। उधर बिजली कंपनी के अधिकारी दलील दे रहे है कि ज्वॉइंट सर्वे होगा,तब ही एस्टीमेट बनाकर दे पाएंगे।

यूं तो एनएचएआई के द्वारा पाली से लेकर गोरस तक एनएच 552 का निर्माण कार्य कंपलीट कर दिया गया है। श्योपुर शहर में बायपास होते हुए हाइवे का निर्माण पूरा करते हुए उस पर से यातायात शुरू कर दिया गया है,लेकिन अभी शहर में नाला निर्माण और सीसी रोड निर्माण जारी बना हुआ है। सलापुरा नहर से शिवपुरी रोड स्थित जेल तक सीसी रोड निर्माण व डामरीकरण कर दिया गया है। लेकिन पिछले दिनों शहर से गुजरे इस हाइवे की दोनों तरफ ढाई ढाई मीटर चौडाई बढाए जाने की स्वीकृति मिल गई है। जिसके बाद अब सीसी रोड हाइवे की दोनो तरफ चौडाई बढाए जाने का काम शिवपुरी रोड पर किया जा रहा है। मगर सीसी रोड की चौडाई बढाए जाने के इस काम में बिजली कंपनी के 53 पोल बाधा बन रहे है। जिसकारण हाइवे की चौडाई बढाए जाने में अपरोध पैदा हो रहा है। जबकि नाला निर्माण कार्य के बीच में भी 52 बिजली पोल अवरोध बनकर खडे हुए है। लोगों का कहना है कि बिजली पोलो को हटाए बिना हाइवे की चौडाई बढाए जाने का काम कोई मतलब का नहीं है। इसलिए बिजली पोलो को हटाने के बाद चौडाई बढाई जानी चाहिए। लोगों की इस मांग के बाद एनएचएआई के अधिकारियों ने नाला निर्माण और हाइवे की चौडाई बढाए जाने के काम में अवरोध डाल रहे बिजली पोलो को दूसरे जगह शिफ्ट किए जाने के लिए बिजली कंपनी से एस्टीमेट मांगा है।



### बिजली पोलो को हटाए बिना चौड़ाई बढ़ाना कोई मतलब की नहीं

शहर में सलापुरा से लेकर जेल तक हाइवे की चौडाई बढाने में 53 बिजली के खंभे आडे आ रहे है। वहीं नाला निर्माण के दौरान 52 खंभे अवरोध बनकर खडे हुए है। कई जगह तो स्थिति यह है कि नाले के बीच में ही बिजली के पोल आ गए है। लोगों का कहना है कि नाले के बीच में पोल खडे रहेगे तो फिर नाले के अंदर पानी की निकासी कैसे हो पाएंगी। वहीं हाइवे की चौडाई भी बिजली पोलो के कारण बढ नहीं पाएगी और बिजली पोलो को हटाए बिना शहर से होकर गुजरे हाइवे की चौडाई बढाया जाना भी कोई मतलब का नहीं है। लोगों का कहना है कि बिजली पोल के शिफ्ट होने के बाद ही हाइवे की चौडाई बढाई जाना चाहिए।तभी शहर की सुंदरता बढ पाएगी।

### बिजली कंपनी से मांगा है एस्टीमेट:उप अभियंता

एनएचएआई के उप अभियंता विजय अवस्थी ने बताया कि शहर में नाला निर्माण और हाइवे की चौडाई बढाए जाने के काम में जो पोल बाधा बन रहे है,उनका हमने सर्वे कर लिया है। जिसके बाद बिजली कंपनी से इन बिजली पोलो को नाले की दूसरी तरफ शिफ्ट कराने के लिए एस्टीमेट बनाकर देने को कहा है। लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों ने सप्ताहभर बीतने के बाद भी एस्टीमेट बनाकर नहीं दिया है। जिसकारण हाइवे की चौडाई बढाए जाने का काम बिजली के पोलो की जगह पर छोडकर करना पड रहा है।

### ज्वॉइंट सर्वे के बाद देंगे एस्टीमेट:डीजीएम

इस मामले में बिजली कंपनी श्योपुर साउथ के डीजीएम दिनेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभी एनएचएआई के अधिकारियों ने अपने स्तर से ही बिजली पोलो को सर्वे किया है। लेकिन अभी ज्वॉइंट सर्वे नहीं हुआ है। हमारी टीम और उनकी टीम एक साथ मिलकर सर्वे करेगी,तभी हम स्टीमेट तैयार कर पाएंगे। फिलहाल सीएम के दौरे को लेकर थोडी व्यस्तता बढ गई है,लेकिन सीएम के दौरे के बाद हम यह ज्वाइंट सर्वे करा लेगे।

# वेतन मांगने पर नपा का संविदा कर्मी निलंबित, गाली का ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका में पदस्थ एक संविदा कर्मचारी को रुका हुआ वेतन मांगने के लिए कलेक्टर को आवेदन देना इतना भारी पड़ा कि सीएमओ ने उसे न सिर्फ निलंबित कर दिया बल्कि उसको जाती सूचक गालियों से नवाज डाला। सीएमओ द्वारा संविदा कर्मी के साथ की जाने वाली अभद्रता का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हंगामा मच गया लोग अब इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी शिकायत करने की बात कह रहे हैं। शुक्रवार को नगर पालिका संविदा कर्मचारियों ने वेतन और रुका हुआ एरियल डलवाने की मांग को लेकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सोपा। वार्ड क्रमांक 12 में पंप चलाने वाले संविदा कर्मचारी को यह आवेदन देना इसलिए भारी पड़ गया कि उसने आवेदन को अपने फेसबुक पर डाल दिया जिसे सीएमओ ने अपना अपमान मानते हुए संविदा कर्मी को बुलाकर खूब लताड़ लगाई और उसके लिए जमकर ऐसी असंसदीय भाषा का प्रयोग किया जिसका लिखना भी ठीक नहीं है। सीएमओ ने संविदा कर्मी को कई बार जाति सूचक गालियां दी और खुद की जाति का बखान भी किया। कर्मचारियों को जाति सूचक गाली देना और गंदी-गंदी गालियां देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ कुछ न्यूज़ चैनल वालों ने भी इसे खबर बनाकर चला दिया। अब कई समाज सेवक कार्यकर्ता इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर शिकायत करने की बात कह रहे हैं ज्ञात हो कि रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव श्योपुर के दौरे पर आ रहे हैं।

### इनका कहना है...

नपा कर्मचारी को वेतन मांगने की बात पर जिस तरह जाति सूचक गाली दी गई है वह बेहद शर्मनाक है इस मामले में मैं मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करूंगा।

**मुकेश हिरनीखेड़ा**
**समाजसेवी कार्यकर्ता**

संविदा कर्मचारी ने पंप खोलने में लापरवाही की है जिसकी शिकायत वार्ड वासियों ने की थी इससे पहले भी वह कई बार इस तरह की गलतियां कर चुका है पेयजल आपूर्ति अति आवश्यक सेवाओं में है जिस वजह से उसे निलंबित किया गया है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी बलवीर जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शीलचन्द्र जाटव, विक्रम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी फूलवती यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी साहब सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तमाशा चक्क निवासी राजेन्द्र बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भाईसाब बंजारा, अशोक, परमाल और सरदार बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भाईसाब बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भारत, हिम्मत, राजन और गोलू बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 55 लीटर अवैध शराब जब्त, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम हंसनगर निवासी गुरप्रीत सिक्ख के पास से हाथ भटटी की 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत इमझरा निवासी शनि परमार के पास से पुलिस ने 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अड्डों पर पुलिस की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस ने जुए के कईं अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। कोतवाली पुलिस ने हिरियन के टपरा मोहल्ला निवासी सोनू अहिरवार, कृष्णगोपाल अहिरवार, मनोज कोठारी को तास के पत्तों से जुंआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है जिनके पास से 2600 रूपए और तास की गडडी बरामद की गई है। कोतवाली पुलिस ने जेबीएस कॉलोनी में पेड के नीचे तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजेश चिडार, कल्लू कुशवाह, अनिल कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से तास की गडडी और 2800 रूपए बरामद किए गए हैं।

### महिला की ट्रेन से कटने से मौत, पड़ताल की शुरू

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत कलावती बैरागी पत्नी काशीराम बैरागी उम्र 81 साल निवासी मीरकावाद की रेलवे फाटक नम्बर 16 पर ट्रेन से कटने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### धोखाधड़ी का प्रकरण हुआ दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत जितेन्द्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उमेश शर्मा, जितेन्द्र दांगी और जीशान खान ने फरियादी की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम करवा ली। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गर्ल्स कॉलेज में शनिवार से शुरू हुआ 3 दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम

# चित्रकला प्रतियोगिता में देवंती और कार्टूनिंग में मुस्कान ने मारी बाजी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में शनिवार से 3 दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। शनिवार को युवा उत्सव में चित्रकला, कार्टूनिंग, एकल गायन एवं समूह गायन विधाओं का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर चंद्रा रत्नाकर ने कहा कि छात्राओं को युवा उत्सव जैसे कार्यक्रमों में बढ़-कर कर हिस्सा लेना चाहिए एवं अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अपने महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्हें अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्हें अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शन कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय ने छात्राओं को अधिक से अधिक सहभागिता देने एवं अवसर पर लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर दीपमाला सिंह ने 3 दिवसीय युवा उत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा उत्सव युवाओं के जागरण का दिन है। इन तीन दिनों में उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर प्रदान किया जाता है। जिसका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। जिसमें रूपांकर में चित्रकला एवं कार्टूनिंग प्रभारी नीता नामदेव, कीर्ति ठाकुर ने विधाओं के नियम की जानकारी देते हुए विधाओं को संपन्न कराया। मंचीय विधाओं में एकल गायन एवं समूह गायन प्रभारी आरती ठाकुर एवं छात्र वर्ग से भूमिका मांझी एवं वैदेही पाठक के संचालन में संपन्न हुई। इस मौके पर जन भागीदारी समिति सदस्य राजीव जैन, नेहा चौरसिया, डॉक्टर नम्रता ताम्रकार एवं रतन सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह राजपूत, राजेश राय आदि उपस्थित रहे।

**यह रहे परिणाम-** पहले दिन की विधाओं में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम देवंती लोधी, द्वितीय सुरभि डांगी एवं तृतीय स्थान पर मुस्कान कुशवाहा एवं नंदिनी कुशवाहा रही। कार्टूनिंग में प्रथम मुस्कान कुशवाहा रही। एकल गायन भजन में प्रथम वेदिका पाठक, द्वितीय साक्षी तिवारी एवं तृतीय स्थान पर प्रियंका बंसल रही। समूह गायन में प्रथम अंजलि विश्वकर्मा एवं समूह, द्वितीय वेदिका पाठक एवं समूह एवं तृतीय स्थान पर प्रियंका बंसल एवं समूह रही। प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में प्राध्यापक डॉक्टर उमा लवानिया, प्राध्यापक डॉक्टर रश्मि जैन, यशवंत शर्मा, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर हरिशंकर सेन, नवीन नामदेव, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, मनीता राजपूत, डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, प्रशांत कुशवाहा, डॉक्टर अमन आर्य, डॉक्टर आशीष गुप्ता रहे।

### खुरई रोड स्थित ओवरब्रिज पर बीते शुक्रवार की रात को 8.30 बजे हुआ बड़ा हादसा

# बाइकों की भिड़ंत में सड़क पर गिरे युवकों को ट्रॉला ने रौंदा, 2 की मौत, 1 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शुक्रवार रात खुरई रोड स्थित ओवरब्रिज पर 2 बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में बड़ा हादसा हो गया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों का शनिवार को सिविल अस्पताल में पीएम कराया गया है। वहीं मर्ग जांच के बाद ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे पलवल हरियाणा निवासी दीपक पिता मुकेश राजपूत उम्र 22 वर्ष, सूर्यकांत पिता गंगाधर साहू उम्र 20 वर्ष निवासी बरगांव छत्तीसगढ़ एवं रौनक पिता जितेंद्र जाट उम्र 25 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा दमोह बाइक से इटावा जा रहे थे। उसी समय सामने से रामपुर निवासी पुष्पेंद्र बुंदेला की बाइक आ गई, जिससे दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक और सूर्यकांत बाइक सहित सड़क पर गिर गए और पास से गुजर रहे ट्राला ने उन्हें रोंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं बाइक पर पीछे बैठे रौनक जाट जो सबसे पीछे बैठा था, सड़क किनारे दूर जा गिरा और घायल हो गया। पुष्पेंद्र बुंदेला भी बाइक से सड़क किनारे गिर करने घायल से घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया और पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मर्ग कायम किया गया। बाद में दोनों शव सुरक्षित सिविल अस्पताल में रखे गए। वहीं शनिवार को मृतकों के परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर शवों का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्राला को जब्त कर थाने में रखवा दिया है। साथ मर्ग जांच उपरांत ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## जिंदगी बहुत खूबसूरत है और सुख दुख से भरी होती है: डॉक्टर उमा लवानिया



**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत माह अक्टूबर में मानसिक स्वास्थ्य एवं युवा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि आज का युवा भटक रहा है। जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों से घबरा जाता है, जबकि जीवन में संतुलन बनाकर चलना चाहिए। जो आपको हर तरह की तनाव से मुक्त रखेगा और एक स्वस्थ जीवन आप जियेंगे। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि जिंदगी बहुत खूबसूरत है एवं सुख दुख से भरी है। हमें अपने जीवन में आने वाले सुख का घमंड नहीं करना चाहिए एवं दुख का शोक नहीं करना चाहिए। बस यदि सुख और दुख को संतुलित करने की कला हमारे जीवन में आ गई तो हम मानसिक तनाव से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। मुख्य वक्ता नवीन नामदेव ने मानसिक स्वास्थ्य क्या है, मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के कारण एवं कैसे अपने मानसिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है इस पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य की तनावपूर्ण स्थिति, निर्णय लेने की अक्षमता,एकाकीपन का स्वभाव ही मानसिक अस्वस्थता का परिचायक है। इसके कारणों की ओर इंगित करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच, असफलता एवं निराशा, शारीरिक बीमारी, नींद की कमी, नशे की लत आदि अनेक कारण मनुष्य को मानसिक तनाव की ओर ले जाते हैं। लेकिन संसार में हर समस्या का समाधान है। इसलिए हमें सकारात्मक सोच, योग एवं ध्यान, परिवार एवं मित्रों के साथ रहना, शाकाहारी भोजन ,समय का प्रबंध करना चाहिए। हमें समय ही न मिले अनावश्यक विचार करने के लिए तब ही हम मानसिक तनाव से पूर्ण रूप से दूर हो सकते हैं एवं स्वस्थ रहकर स्वयं के लिए परिवार एवं समाज के लिए अपना योगदान दे सकते हैं।

# पातालकोट एक्सप्रेस में 27 हजार की विदेशी शराब मिली, आरोपी अज्ञात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

दिल्ली से भोपाल की ओर जा रही पातालकोट एक्सप्रेस के सिलीपर कोच से 27 हजार रूपए कीमती अवैध शराब जब्त की गई है।

जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज किया है। जीआरपी एएसआई मूलचंद ने बताया कि पातालकोट एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे यात्री राजेंद्र रघुवंशी ने 139 पर कॉल कर सूचना दी थी कि स्लीपर कोच में 56 नंबर सीट के नीचे अज्ञात बैग रहे हुए है। सूचना मिलने के बाद ट्रेन के बीना पहुंचते ही आरपीएफ जवान भूरी सिंह ने ट्रेन को अटेंड किया। मौके पर उन्हें एक पिट्ठू बैग में 6 बोतल एवं थैले में 4 बोतल विदेशी शराब की रखी मिली। यानि कुल 9 बोतल विदेशी शराब की जब्त की गई। जिसकी कीमत 27 हजार रूपए बताई जा रही है।

स्लीपर कोच में मिली अवैध शराब को आरपीएफ के द्वारा जीआरपी थाना लाया गया। बाद में जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# करवाचौथ पर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए छलनी से पति का किया दीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





अशोकनगर में करवाचौथ पर्व उत्साह से बनाया गया महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर करवा चैथ का पर्व मनाया गया। शहर में लगभग 30000 महिलाओं ने चांद के निकलते ही चलने से अपने पति के दीदार किए और जल पिलाकर करवा चैथ का पर्व मनाया।

करवा चैथ का पर्व पति और पत्नी के बीच आपसी स्नहे और विश्वास का पर्व है। भारतीय संस्कृति का यह अनुपम पर्व है जो हर वर्ष मनाया जाता है। इस पर्व पर महिलाएं कई दिन पहले से मनाने की तैयारी करती हैं इस दिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा महिलाओं ने करवा चैथ की पूजा की सामग्री खरीदने के बाद शुभ मुहूर्त में पूजा की और उसके बाद करवा चैथ का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाएं सज सवरकर सेल्फी लेते देखी गईं। महिलाओं में कईं ऐसी नव युवतियां भी थी जिन्हे पहली बार करवा चैथ का पर्व मनाने का मौका मिल रहा था। उनके लिए यह नया अनुभव था कई महिलाएं ऐसी थी जो लंबे समय से करवा चैथ का पर्व मनाती आ रही हैं। उन्होंने नव विवाहित युवतियों को करवा चैथ कैसे मनाते हैं इससे अवगत कराया।

अशोकनगर शहर के मकान की छत पर रात को शुभ मुहूर्त में चांद के निकलते ही महिलाएं छत पर देखी गई उनके हाथ में चलनी नजर आई और चलनी में अपने पति के दीदार करते हुए देखी गई। इस दौरान कई पतियों ने भी पत्नियों के साथ उपवास रखा। जिनके पति या पत्नि एक स्थान पर नहीं थे उन्होंने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से इस पर्व को मनाया। शाम के बाद सोशल मीडिया पर अनेक जोडे अपने फोटो अपलोड करते देखे गए।

इसके अलावा पंजाबी समाज की महिलाओं ने हर वर्ष की तरह इस बार शाम की अवधि में गुरुद्वारा पहुंचकर करवा चैथ का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाएं अपने हाथों में दीपक लेकर थाली बदलते हुए नजर आईं। एक गोल घेरे में महिलाओं को बैठा हुआ देखा गया यहां महिलाओं ने सेल्फी ली और करवा चैथ का पर्व मनाया। यह करवा चैथ का पर्व इस समाज की महिलाओं को अलग ढंग से मनाते हुए देखा गया। शहर में करवा चैथ के पर्व पर अनेक घरों में दीपक भी जलते हुए देखे गए। यह पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गहनों से लेकर साड़ियों की दुकान पर और श्रृंगारिक सामग्री की दुकानों के साथ ब्यूटी पार्लरों पर भी महिलाओं ने खूब खरीददारी की। अनेक साड़ी विक्रेताओं ने बताया कि उनका कारोबार जितना करवा चैथ पर हो जाता है उतना कारोबार दीपावली के पर्व पर भी नहीं होता। पूरे वर्ष में सबसे ज्यादा साड़ियों की बिक्री करवा चैथ के पर्व पर होती है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विद्युत सब स्टेशनों का किया शिलान्यास, अंचल में होगी बिजली की सप्लाई

# क्षेत्र के विकास और समृद्धि को नई ऊर्जा प्रदान करेगा: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




अशोकनगर जिले के ग्राम सेमरा डोंगरा, बीलाखेडी एवं करैयाराय में विद्युत सब स्टेशन बनने से बिजली आपूर्ति के साथ क्षेत्र के विकास और समृद्धि की नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली संकट से निजात मिलेगी। साथ ही कृषकों को पर्याप्त सिंचाई हेतु समय पर बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

यह बात शुक्रवार को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के ग्राम सेमरा डोगरा एवं करैया राय तथा मुंगावली विधानसभा के ग्राम बीलाखेडी विद्युत सब स्टेशनों का शिलान्यास के दौरान कही। उन्होंने ग्राम सेमरा डोगरा में 2 करोड़ 91 लाख रूपये की राशि से बनाने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र का भूमिपूजन किया। इस उपकेन्द्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. होगी। इस उपकेन्द्र से 08 ग्राम लाभान्वित होगें। उन्होंने ग्राम बीलाखेडी में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र लागत 2 करोड़ 30 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। इस उपकेन्द्र से 11 ग्राम लाभान्वित होगें। ग्राम करैयाराय में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र लागत 02 करोड़ 35 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। इस उपकेन्द्र से 05 ग्राम लाभान्वित होगें।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार एवं सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व पटल पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में 24 घंटे विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी बचत का आव्हान हुआ है। इस वार दशहरा पर रिकॉर्ड ब्रिकी हुई है और दिवाली पर होगी।

उन्होंने कहा कि अशोकनगर जिले में 22 सब स्टेशन बनवाये गये है। 15 महीने में 15 और सब स्टेशन अतिरिक्त मंजूर कराये गये है। आप चिंता मत करो जब तक आपका सेवक,रक्षक खड़ा है,आपके लिए विकास प्रगति नये सोपान लेकर आयेगा। सेमरा डोंगरा सब स्टेशन से बिजली का संचार होगा। इस सब स्टेशन से आसपास के ग्राम लाभान्वित होगें। उन्होंने कहा कि शाढौरा से करीला धाम के लिए 55 किलोमीटर की सड़क 134 करोड़ रूपये लागत की स्वीकृत कराई गई है। इस सड़क से 30 गांव को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले को ऐसी सड़के दी है जो जिले को जिले के साथ जोडती है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में कायाकल्प हुआ है। सेमरा डोगरा से बीलाखेडी तक सड़क द्वारा आया हूॅ। पहले प्रवास पर आया था तो सड़क खराब थी, गाड़ी की एक्सल्स लूज होती थीं और गाड़ी ठीक से नहीं चल पाती थी। लेकिन अब 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अच्छी सड़कें बन गई हैं। सड़कें गांवों को गांवों से जोड़ने के बजाय जिलों को जिलों से और पूरे भारत से जोड़ें। सड़कें संपूर्ण भारत वर्ष के साथ जोड़ने वाली होनी चाहिए ताकि क्षेत्र का विकास हो सके।

## केंद्रीय मंत्री ने किया अमृत 2.0 योजना अंतर्गत शहर की जल प्रदाय परियोजना का किया भूमिपूजन, 2026 तक 8 वार्डों को मिलेगा पानी

**अशोकनगर।** जल जीवन का स्त्रोत है,हर धार्मिक उत्सव में जल के पूजन के साथ ही शुभ कार्य की शुरूआत होती है। जल संस्कारों में पवित्र है। जल से जीव जंतु विकसित और क्षमतावान होते है। जल के आधार पर रसोई चलती है। जल के आधार पर अन्नदाता अपने उत्पादन में बढोत्तरी कर पाता है। जल के बिना जीवन संभव नही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत 2.0 योजना संचालित कर हर घर नल,घर-घर जल पहुंचाने का वीडा उठाया है। यह संबोधन केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को अशोकनगर नया बस स्टेण्ड पर आयोजित अमृत 2.0 योजना अंतर्गत अशोकनगर शहर की जल प्रदाय परियोजना का भूमिपूजन,संजय स्टेडियम अशोकनगर में बास्केट बॉल कोर्ट का लोकार्पण एवं परशुराम चैराहा का अनावरण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत अशोकनगर शहर की जल प्रदाय परियोजना लागत राशि 1719.49 लाख का भूमिपूजन,संजय स्टेडियम अशोकनगर में बास्केट बॉल कोर्ट का लोकार्पण एवं श्री परशुराम चैराहा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान कार्ड,उज्जवला योजनान्तर्गत गैस कनेक्शन दिये जाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।



### 5 नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत 2 योजना के माध्यम से अशोकनगर शहर के 8 वार्डों पानी की आपूर्ति होने लगेगी अभी तक इन वार्डों में पानी की कोई सुविधा नहीं थी। शहर के 8 वार्डों के बीच 5 पानी की टंकिया बनाई जाएंगी और प्रत्येक घर में पानी पहुंचाया जाएगा। वर्ष 2040 तक शहर पानी के मामले में आत्मनिर्भर रहेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक जजपाल सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी संबोधित किया।

### समर्थक ने कहा सिंधिया जी आई लव यू

**अशोकनगर।** एक जनसभा के दौरान केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर समर्थक का प्यार उमड़ आया। सिंधिया के संबोधन के दौरान ही समर्थन ने चीखकर कहा कि सिंधिया आई लव यू 2 यह वाकया चर्चा का विषय बन गया और इस एक क्षण के लिए खुद सिंधिया ने भी अपने भाषण को रोक दिया। समर्थक के इस प्यार पर सिंधिया ने भी उत्तर दिया और कहा आई लव यू टू। यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया यूजर्स इसे ज्योतिरादित्य सिंधिया का जनता से जुड़ाव का प्रमाण बता रहे हैं।

**सिंधिया ने भी कहा आई लव यू-2**